प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 24.02.2026

मुख्य समाचारः—

- वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज राज्य विधानसभा में पेश किया एक लाख बहत्तर हजार करोड़ रूपये का बजट—इस बार बजट की थीम है ''संकल्प''।

- बजट में राज्य में बारह नई योजनाएं और पांच नये मिशन शुरू करने की घोषणा की गई।

- कबीरधाम पुलिस ने करीब पांच करोड़ रूपये कीमत का नौ क्विंटल गांजा बरामद कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार।

- मौसम विभाग के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हो सकती है वर्षा।

अब समाचार विस्तार से .....

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज राज्य विधानसभा में वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस के लिए बजट पेश किया। यह बजट करीब एक लाख बहत्तर हजार करोड़ रूपये का है।

अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि इस बार बजट की थीम ''संकल्प'' है।

बजट में पांच नये मिशन शुरू करने की भी बात कही गई है। इसमें मुख्यमंत्री एआई मिशन, पर्यटन विकास मिशन, खेल उत्कर्ष मिशन, अधोसंरचना मिशन और स्टार्टअप तथा निपुण मिशन शामिल है। इन सभी

मिशनों के लिए अगले पांच वर्षों के दौरान हर वर्ष कम से कम सौ–सौ करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया जाएगा।

आज राज्य विधानसभा में वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रस्तुत है यह रिपोर्ट –

बजट में बारह नई योजनाएं शुरू करने की भी घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के तहत नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में बुनियादी अधोसंरचना तथा नागरिक सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना के तहत राज्य में तीव्र गति वाली दो से चार लेन वाली सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना शुरू की जाएगी। राज्य के शासकीय कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए योजना शुरू की जाएगी। इसके लिए बजट में सौ करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को आर्थिक सहायता देने के लिए भी "सीजीएस" नाम से योजना शुरू की जाएगी। इसके अलावा बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर से हवाई सेवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए "सीजी वायु" योजना शुरू की जाएगी।

वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार रानी दुर्गावती योजना शुरू करेगी। इसके तहत परिवार में बालिका का जन्म होने पर उस बालिका की आयु अट्ठारह वर्ष की पूर्ण होने के पश्चात डेढ़ लाख रूपये प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र–छात्राओं को पढ़ाई के लिए किराये पर आवासीय सुविधा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना शुरू की जाएगी।

प्रदेश की लखपति दीदियों को देश की सफल महिला उद्यमियों की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए लखपति दीदी भ्रमण योजना शुरू होगी। वहीं, लोगों को राज्य की पांच शक्तिपीठों – दंतेवाड़ा, डोंगरगढ़, रतनपुर, चंद्रपुर और कुदरगढ़ के आस्था केन्द्रों के दर्शन के लिए शक्तिपीठ भ्रमण योजना शुरू करने की घोषणा की गई

है। इसके साथ ही शासकीय स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के प्रमुख ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केन्द्रों का भ्रमण कराने के लिए छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना शुरू की जाएगी। इसके साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर शुरू की गई विकसित भारत – जी राम जी योजना के लिए बजट में चार हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बताया कि छत्तीसगढ़ में समावेशी विकास के लिए सरकार ने अनेक नई पहल शुरू करने का भी निर्णय लिया है। इसके तहत अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी स्थापित की जाएगी, राज्य में तेईस नये औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। जनसमस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा। राज्य में साइबर तहसील स्थापित की जाएगी। वहीं, छत्तीसगढ़ में निर्मित हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए देश के पांच प्रमुख हवाई अड्डों पर हैंडीक्राफ्ट शो–रूम स्थापित किए जाएंगे।

इसके अलावा जनजातीय लोक संगीत और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए जनजातीय ''सुरगुड़ी स्टूडियो'' स्थापित किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बताया कि राजधानी रायपुर में प्रदेश का पहला होम्योपैथी कॉलेज स्थापित किया जाएगा। वहीं, रायपुर में ही एडवांस कार्डिएक इंस्टीट्यूट भी स्थापित होगा। इंद्रावती नदी पर मटनार और देऊर गांव में बैराज और नहर का निर्माण किया जाएगा। इससे बस्तर के करीब बत्तीस हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। बस्तर में बस्तर फाइटर्स बल के लिए पंद्रह सौ नये पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही बस्तर में खेल अकादमी शुरू की जाएगी।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि राजधानी रायपुर, प्रदेश का सबसे बड़ा परीक्षा केन्द्र है। यहां लगातार प्रतियोगी परीक्षाएं होती रहती हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी उम्मीदवार आते हैं।

इसे ध्यान में रखते हुए रायपुर में एक मेगा परीक्षा केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इससे राज्य को प्रतियोगी परीक्षाएं करवाने में सहुलियत होगी। इसके साथ ही रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में तीन नये छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी स्थापित किए जाएंगे।

वित्त मंत्री ने बताया कि सुधारों की श्रृंखला में आगे बढ़ते हुए सरकार ने छत्तीसगढ़ स्टेट फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड की स्थापना करने का निर्णय लिया है। साथ ही प्रदेश में सेंट्रल ट्रेजरी की स्थापना की जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए गए रिफॉर्म्स के एवज में केन्द्र सरकार ने पिछले दो वर्षों में करीब तेरह हजार करोड़ रूपये की राशि राज्य को प्रदान की है।

वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के लिए जिला और विकासखंड स्तर पर क्वाटर्स बनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष ग्यारह जिला मुख्यालयों और पच्चीस विकासखंड मुख्यालयों में क्वाटरों का निर्माण किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए बजट में प्रस्ताव किया गया है कि आगामी वर्ष से महिलाओं के नाम से ''अचल संपत्ति'' क्रय करने पर ''भारित पंजीयन शुल्क'' में पचास प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

<u>बजट प्रतिक्रिया</u>

विधानसभा में आज पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि यह बजट समावेशी विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला साबित होगा।

दूसरी ओर, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि बजट में प्रदेश के युवाओं और महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है।

माओवादी आत्मसमर्पण

माओवादियों के एक शीर्ष नेता देवजी सहित चार माओवादियों ने आज तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्ममसर्पण कर दिया है।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि माओवादियों का शीर्ष नेतृत्व आज समाप्त हो गया है। यह एक बड़ी उपलब्धि है।

गांजा–बरामद

कबीरधाम पुलिस ने करीब पांच करोड़ रूपये कीमत का नौ क्विंटल गांजा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांजे को एक कंटेनर में भरकर ओडिशा से राजस्थान ले जाया जा रहा था। इसी दौरान चिल्फी पुलिस ने इस कंटेनर को रोका। जांच के दौरान कंटेनर में तीस–तीस किलो की तीस बोरियों से नौ सौ किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी कंटेनर में गुप्त चैंबर बनाकर गांजे की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने कंटेनर को भी जब्त कर लिया है।

सारंगढ़–हत्या

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या का मामला सामने आया है। धारदार हथियार से किए गए हमले में दो अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरीपाली थाना क्षेत्र के झाल गांव में आपसी रंजिश के चलते पड़ोसी ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस घटना में एक महिला, उसका बेटा और नाती की मौत हो गई। वहीं, महिला का पति और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## पुलिस–तीरंदाजी प्रतियोगिता

भिलाई स्थित प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में चौदहवीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। सत्ताईस फरवरी तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर की पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तीस टीमों के चार सौ पचास खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## मौसम

छत्तीसगढ़ में आज राजधानी रायपुर सहित कुछ स्थानों पर खंड वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार एक कम दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके कारण छत्तीसगढ़ में काफी मात्रा में नमी आ रही है।

मौसम विज्ञानी बी.के. चिंदलौरे ने बताया कि राज्य में अगले अड़तालीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

<><><><><>